आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में दूध की खरीद के लिए आगामी 31 मार्च तक डिजिटल सिस्टम शुरू किया जाएगा। इससे दूध की खरीद में न केवल पारदर्शिता आएगी बल्कि किसानों को एस.एम.एस. के माध्यम से उनके दूध की गुणवत्ता व मूल्य की जानकारी भी उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दत्तनगर में 50 हज़ार लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले नए दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के शुभारम्भ अवसर पर ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के बजट का पहला बिन्दु ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना है ताकि किसान बेहतर जीवन यापन कर सकें।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार से बीते मॉनसून में आई आपदा के प्रभावितों की विशेष आर्थिक पैकेज के तहत ही मदद करने का आग्रह किया है। राज्य सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि बीते मॉनसून सीज़न में प्रदेशभर में सौ से अधिक घटनाएं हुई हैं जिनमें जनधन को भारी नुकसान हुआ है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा में किसी भी प्रकार से प्रभावितों के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

## गौरव दिवस

जनजातीय नायक व आदर्श बिरसा मुंडा की जयंती पर आज प्रदेश में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर चम्बा में गौरव दिवस का आयोजन किया गया और विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी सुना गया। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में चम्बा ज़िले के एक सौ 56 जनजातीय गांवों में आज विशेष ग्राम संभाएं भी आयोजित की गईं। दूसरी ओर,

किन्नौर ज़िले के कल्पा में भी जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर कई गतिविधियां करवाई गईं।

<u>प्रकाश पर्व</u>

सिखों के पहले गुरू श्री गुरूनानक देव जी का 5 सौ 55वां प्रकाश पर्व आज देशभर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरूद्वारों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। राजधानी शिमला के गुरूद्वारे में गुरूद्वारा सिंह सभा द्वारा सुबह के समय गुरू ग्रंथ साहिब पाठ का आयोजन किया गया। सभा के अध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने बताया कि गुरूनानक देव जी ने समाज सुधार के लिए ज्ञान का प्रकाश फैलाया था और यही कारण है कि उनकी जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाई जाती है। गुरूनानक देव जी का जन्म 1469 को पंजाब के तलवंडी में हुआ था। ये स्थान अब पाकिस्तान में है।

<u>आयुष मंत्री</u>

आयुष मंत्री यादविन्दर गोमा ने अध्यापकों से बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों व कर्तव्यों का ज्ञान देने का भी आह्वान किया है। कांगड़ा ज़िले के आलमपुर में आज एक स्कूल के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने प्रति ईमानदार रहें तो वे कठोर परिश्रम व आत्मविश्वास से निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। यादविन्दर गोमा ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में विशेष बल दे रही है।

<u>पर्यटन</u>

पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठा रही है। धर्मशाला में नुआला उत्सव के अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विभाग की ओर से मेगा इवेंट आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एशियन विकास बैंक की मदद से प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र पर अढ़ाई हज़ार करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे और इसमें से प्रारंभिक तौर पर एक हज़ार 3 सौ करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत कर ली गई है।

लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल शाम संपन्न हो गया। उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर स्मारिका का भी विमोचन किया गया। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अय्यर और श्रीराम अय्यर ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर, सिरमौर ज़िले में अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुकाजी मेला भी इन दिनों धूमधाम से मनाया जा रहा है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर किसानों व बागवानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने कहा कि एंटी हेल नेट पर मिलने वाली सब्सिडी बंद करने के बाद प्रदेश सरकार ने अब सोलर फैंसिंग पर मिलने वाली सब्सिडी भी बंद कर दी है।

........................................................................